Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 35 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 21 जुलाई 2025

इस हफ्ते ओटीटी पर होगा एंटरटेनमेंट...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**रुद्रपुर।** किच्छा में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल दूसरे युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक किच्छा पुलिस को अस्पताल से मैमों से सूचना मिली कि बंगाली कालौनी टावर पावर हाउस किच्छा के पास एक स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। स्कूटी अनुज तिवरी पुत्र ब्रिजेश तिवारी उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी स्वातिक कालौनी हल्द्वानी रोड गंभीर रुप से घायल था। किच्छा लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। द्वारा मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। पुलिस के मुताबिक दूसरा अनुराग पुत्र तारा बाबू निवासी बण्डिया भट्टा निवासी किच्छा को उपचार के हायर सेंटर रुद्रपुर भेजा गया। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। उधर परिवार में कोहराम मच गया।

### युवक पर गंडासे से हमला करने वाला पुलिस की चंगुल में

**रुद्रपुर।** युवक पर कातिलाना हमला करने वाले दबंग पुलिस की चंगुल में फंस गए। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। इस मामले में वीडियो भी वायरल हुआ था।
पुलिस के मुताबिक नैना कालोनी निवासी खष्टी बल्लभ जोशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 जुलाई 25 की रात को उसका पुत्र धीरज जोशी पर जपनीत सिंह उर्फ सिद्दू पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ईश्वर कालोनी रुद्रपुर,मलकीत सिंह पुत्र गुरसेवक सिंह निवासी आदर्श कालोनी रुद्रपुर ने घेराबंदी कर कातिलाना हमला कर दिया। हमले में पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप लगाया कि हमलावर पुत्र को धमकी देते हुए भाग गए। विवेचना चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह को सौंपी गई। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि इस मामले की वीडियो भी वायरल हुआ था।

# नैनीताल से विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम जुड़ेगा रोपवे से, जाम से मिलेगी मुक्ति

**नैनीताल**
**अफज़ल हुसैन फौजी**

देवभूमि उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों और बाबा नीम करौली महाराज के अनन्य भक्तों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। नैनीताल से विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम तक की यात्रा अब न केवल बेहद सुगम होगी, बल्कि समय भी कम लगेगा। दरअसल, जिला पर्यटन विभाग ने नैनीताल के स्नो व्यू से कैंची धाम तक एक अत्याधुनिक रोपवे (केबल कार) परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया है। इस पहल से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भीषण जाम और



लंबी दूरी की थकावट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल, नैनीताल से कैंची धाम तक सड़क मार्ग से करीब 17 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। गर्मियों की छुट्टियों, पीक पर्यटन सीजन और विशेषकर हर वर्ष आयोजित होने वाले कैंची धाम मेले के दौरान इस मार्ग पर अक्सर घंटों का भीषण जाम लग जाता है, जिससे यात्रा बेहद असहज और थका देने वाली हो जाती है।

### स्नो व्यू से सीधे कैंची धाम तक उड़ान

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया, इस रोपवे की मांग लंबे समय से की जा रही थी, खासकर स्थानीय होटल व्यवसायियों और पर्यटन कारोबारियों की ओर से। यह रोपवे नैनीताल के प्रसिद्ध स्नो व्यू पॉइंट से शुरू होकर सीधे कैंची धाम तक पहुंचेगा। उन्होंने आगे बताया कि सड़क मार्ग से यह दूरी 17 किमी है, जबकि रोपवे से यह महज 5-6 किलोमीटर रह जाएगी, जिसे लगभग 20 मिनट में तय किया जा सकेगा। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इस रूट को भौगोलिक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टियों से उपयुक्त पाया गया है।

### पर्यटन उद्योग को मिलेगी नई ऊर्जा

यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगी, बल्कि नैनीताल के समूचे पर्यटन उद्योग को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी। होटल, टैक्सी, खानपान, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों से जुड़े व्यवसायों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

#### खरगे ने घेरा तो नड्डा ने दिया करारा जवाब

# मानसून सत्र: ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है।

विपक्ष के हंगामे के बाद राज्सभा की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले पर जवाब मांगा और साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बार-बार भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के दावे पर भी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और एअर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि भी दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा



शुरू कर दिया। विपक्षी सांसद खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सांसद ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। वहीं लोकसभा अध्यक्ष का कहना है कि अभी प्रश्नकाल चल रहा है और प्रश्नकाल के बाद नियमों के तहत हर विषय पर चर्चा की जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों के व्यवहार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिन सांसदों को नारेबाजी करनी है, वो सदन के बाहर जाएं। सदन नारेबाजी करने के लिए नहीं बल्कि चर्चा करने के लिए है। संसद के मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि यह मानसून सत्र देश के लिए बेहद गौरवपूर्ण है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के कदम रखने और ऑपरेशन सिंदूर में उसके पराक्रम का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस दशक में शांति और प्रगति देखी गई, लाल गलियारा अब हरित विकास क्षेत्र में बदल रहा है। 2014 से पहले मुद्रास्फीति दर दहाई अंक में हुआ करती थी, अब यह लगभग दो प्रतिशत है। मुद्रास्फीति कम है और विकास दर ऊंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सांसदों और उनकी पार्टियों के विदेश दौरे की सराहना की और कहा कि उन्होंने सकारात्मक माहौल बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों के पराक्रम का बखान करते हुए सांसदों और विभिन्न दलों से एकता का संदेश देने का आग्रह किया।

# देर रात भारी बारिश से शेर नाला उफान पर, फॉर्च्यूनर कार बही, दस लोग थे सवार

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

देर रात से हो रही लगातार भारी बारिश के चलते क्षेत्र में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। रविवार देर रात गौला पार क्षेत्र में शेर नाले में आए तेज बहाव की चपेट में एक फॉर्च्यूनर कार आ गई, जिसमें 10 लोग सवार थे।घटना की सूचना मिलते ही चोरगलिया पुलिस ने मौके पर तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जोखिम भरे हालातों के बावजूद, पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी लोगों को सकुशल बाहर निकालने में सफलता हासिल की। शेर नाले से बाहर निकल कर कार सवार लोगों की जान में जान आई ।उधर पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि भारी बारिश के दौरान नदी-नालों के आसपास न जाएं और अनावश्यक यात्रा से बचें। क्षेत्र में फिलहाल येलो अलर्ट जारी है और आपदा प्रबंधन टीम को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कार सवार लोगों ने चोरगलिया पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की।कार सवारों ने कहा कि समय से पहले पुलिस नहीं पहुंचती तो हमारे प्राण नहीं बचपाते पुलिस ने समय से हमे बचा लिया।



# प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट, पौड़ी जिले में आज बंद रहेंगे स्कूल

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

भारी बारिश के अलर्ट के चलते आज पौड़ी जिले में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं चमोली में छह, टिहरी में एक, उत्तरकाशी में चार, पिथौरागढ़ में छह, बागेश्वर में दो और देहरादून जिले में चार ग्रामीण सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में फिर तेज दौर की बारिश है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के कुछ हिस्सों में तेज दौर की बारिश और 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं। अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों की बात करें तो 26 जुलाई तक प्रदेशभर में हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग ने पौड़ी जनपद में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिस पर डीएम स्वाति एस भदौरिया ने सोमवार को जनपद में कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। डीएम ने सभी संबंधित विभागीय अफसरों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। बारिश के चलते लोगों से संवेदनशील व आपदा संभावित क्षेत्रों में सतर्कता बरतने व नदी नालों के समीप न जाने की अपील की है।

# विकास कार्यों की सौगात देने पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित और सीएम धामी का जताया आभार

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

रुद्रपुर को मिली 187 करोड़ के विकास परियोजनाओं पर विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर में शुरू होने वाले विकास कार्यों को गिनाया। रविवार दोपहर को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि 2023 में हुऐ उत्तराखंड इन्वेस्टर समिट में 2.50 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू हस्ताक्षर हुए और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अथक प्रयारों से महज 1.5 वर्ष में ही एक लाख से अधिक एमओयू की ग्राउंडिग होना उत्तराखंड के इतिहास में बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसको लेकर रुद्रपुर में ग्राउंडिग सेरेमनी निवेश उत्सव मनाया गया। देश गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह स्वयं ग्राउंडिग सेरेमनी में




उपस्थित रहे, जो दर्शाता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है।

ग्राउंडिग सेरेमनी की अपार सफलता उत्तराखंड के लिये गर्व की बात है जिसके बाद लाखों रोजगार का सर्जन उत्तराखंड में होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर के शनिवार का दिन महत्वपूर्ण रहा जहाँ देश के गृह मंत्री अमित शाह ने 1236 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण को डिजिटल माध्यम से किया गया। उन्होंने बताया कि 35 करोड़ धनराशि से अटरिया मोड़ तक चौड़ीकरण सौंदर्यकरण का कार्य होना है। पहले चरण कार्य का शिलान्यास हो गया है। इसके साथ ही महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने व उनकी स्किल को बेहतर करने की दिशा में 126 करोड़ की लागत से कामकाजी महिलाओ हेतु छात्रावास बनाने का कार्य सरकार ने करने का निर्णय लिया है, जो दो स्थानों पर बनेगा।

चौथी विकास परियोजना जिसमें पुलिस के जवानों के लिए 108 आवास का निर्माण कार्य 31 पीएसी में 47.79 करोड़ की लागत से करवाया जायेगा। विधायक ने बताया कि 187 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात रुद्रपुर क्षेत्र को मिलने से विकास कार्यों को बल मिलेगा। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री और सीएम का आभार जताया।विधायक ने कहा कि उनके सभी प्रस्ताव पर कार्य गतिमान है। जिनके परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे है। इस दौरान व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, सुशील गाबा,केके दास, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, शिवकुमार राय मौजूद रहे।

# दो दिनी प्रसिद्ध हरेला मेले का समापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता




लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा आयोजित दो दिनी प्रसिद्ध हरेला मेले का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह का शुभारंभ उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस विशेष मौके पर उन्होंने कहा कि हरेला हरियाली का प्रतीक है, भारत की सभयता और संस्कृति में देवभूमि उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि लेक सिटी वेलफेयर कलब ने लोक संस्कृति व परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का जो बीड़ा उठाया है उसे हरेला महोत्सव पूरा करेगा तथा अपनी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने में आगे वाली पीढ़ी को तैयार करेगा।

इससे पूर्व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित द्वारा चंदोला होमयोपैथी मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर द्वारा आयोजित प्रतिभा ज्योति सममान समारोह में शहर के 25 विद्यालयों के 50 छात्र छात्रों के सममान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र भारत का भविष्य हैं, उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक सरिता आर्या ने लेक सिटी वेलफेयर कलब के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि कलब साल भर सामाजिक व रचनात्मक तथा धार्मिक और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम करते आ रहा है, उन्होंने कलब को अपनी तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के प्रायोजक डा. किशोर चंदोला ने कहा कि अगली बार से चंदोला होमयोपैथिक में इस कार्यक्रम का दिव्य और भव्य आयोजन करेगा। कार्यक्रम में पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार के प्राचार्य डा. सूर्य प्रकाश, भारतीय शहीद सैनिक स्कूल विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, लेक सिटी वेलफेयर कलब की अध्यक्ष आभा शाह समेत हेमा भट्ट, रानी शाह, गीता शाह, मीनू बुधुलाकोठी, विनीता पांडे ,कविता त्रिपाठी, ज्योति ढौडियाल, रमा भट्ट ,रमा तिवारी, डा. पल्लवी ,अमिता शाह, तारा चौधरी, डा.प्रगति जैन, कंचन जोशी, प्रेमा अधिकारी, सविता फुलेरा, दया कुंवर, तनु सिंह, सीमा सेठ, सरस्वती चिराला, जया वर्मा ,भावना शाह, वंदना जोशी तथा मानसी गर्ग व खष्टी बिष्ट आदि सदस्य उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी कीर्ति ने किया।





# ज़मीन के झगड़े में युवक चढ़ा टंकी पर, दी जान देने की धमकी

रामनगर

हमारे संवाददाता

नंदपुर गांव एक पारिवारिक ज़मीनी विवाद ने उस वक्त तूल पकड़ लिया जब एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया और खुदकुशी की धमकी देने लगा। करीब दो घंटे तक हड़कंप मचाने के बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर उसे नीचे उतारा। गांव निवासी केवल सिंह और मान सिंह दो सगे भाई हैं, जिनके बीच पिता की छोड़ी 8 बीघा पैतृक ज़मीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। केवल सिंह का आरोप है कि उनके भाई ने इस ज़मीन को चुपचाप एक पूर्व प्रधान और एक अन्य व्यक्ति को बेच डाला। इसको लेकर उन्होंने पहले ही एसडीएम कोर्ट और पुलिस से शिकायत कर रखी है, और मामला इस वक्त न्यायालय में विचाराधीन है। शनिवार की सुबह जब केवल सिंह के भाई ने पुश्तैनी मकान को तोड़ना शुरू कर दिया जिसमें केवल सिंह का भी आधा हिस्सा है तो घर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी गुस्से और तनाव में केवल सिंह का बेटा भरत गांव की पानी की ऊंची टंकी पर चढ़ गया और जान देने की चेतावनी देने लगा। मौके पर तुरंत कोतवाली से वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इस पूरे घटनाक्रम से गांव में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। केवल सिंह का कहना है कि उनका भाई दबंगों से मिला हुआ है और उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि अगर जल्द न्याय न मिला तो वह अपने परिवार के साथ आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि यह मामला दो भाइयों के बीच ज़मीनी विवाद का है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# सूखाताल वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर पालिका परिषद नैनीताल, जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में वार्डों में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को सूखाताल वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

बता दें इस अभियान का नेतृत्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल एवं वार्ड सभासद गजाला कमाल ने किया। अभियान के दौरान वार्ड की मुखय सड़कों, गलियों व सार्वजनिक स्थलों व बाजार क्षेत्रों की सफाई की गई। नालियों की सफ ई व झाड़ियों की कटाई, कूड़ा उठान और कचरा निष्पादन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, मुखय सफ ई निरीक्षक सुनीत कुमार, सफ ई सुपरवाइजर मधु, कमल चौहान, सफ ई निरीक्षक राजस्व विभाग से उप राजस्व निरीक्षक विनोद, लोक निर्माण विभाग से कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार एवं जल संस्थान से अवर अभियंता गोपाल सिंह कार्की समेत अन्य विभागीय अधिकारी तथा पालिका के पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे। इस दौरान सभासद गजाला कमाल ने वार्ड के वाशिंदों से अपील की कि वे कूड़ा करकट सड़कों पर न फेंकें एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें,वहीं पालिकाध्यक्ष डॉ.सरस्वती खेतवाल ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

पालिका का लक्ष्य केवल सफ ई ही नहीं बल्कि नागरिकों में अनुशासन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी विकसित करना है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे कूड़ा केवल निर्धारित स्थलों या कूड़ा वाहनों में ही डालें साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि किसी क्षेत्र में गंदगी पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान या व्यक्ति के विरुद्ध चलानी कार्रवाई की जाएगी।

## NEWS / फटाफट

### दिल्ली विवि में छात्र हर्षवर्धन सिंह का चयन ऑनर्स के लिए



**नैनीताल ।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के पूर्व मेधावी छात्र हर्षवर्धन सिंह बिष्ट का चयन देश के शीर्ष विश्विद्यालयों में से एक दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित रामजस कॉलेज में भौतिकी में स्नातक (ऑनर्स) पाठ्यक्रम हेतु हुआ है। स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के मुताबिक हर्ष ने वर्ष 2025 सत्र में कक्षा 12वीं विज्ञान/ गणित वर्ग से उत्तीर्ण की है। हर्ष के चयन पर मेहता समेत विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती समेत आलोक साह, प्रवक्ता शाहनवाज, मीनाक्षी बिष्ट,दरपान सिंह, चन्द्र प्रकाश, गोविंद सिंह बोरा, उत्कर्ष बोरा व नवीन पाठक आदि ने खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### दक्षता और कार्यकुशलता को कुमाऊं विवि में किया लागू

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने कहा कि उनका अनुभव दिल्ली विश्वविद्यालय जैसी प्रतिष्ठित संस्था में कार्य करने का रहा है और वहीं से प्राप्त प्रशासनिक दक्षता और कार्यकुशलता को उन्होंने कुमाऊँ विश्वविद्यालय में भी लागू किया है जिससे यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा हो सका। उन्होंने कहा कि यह कार्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार संपन्न हुआ है। परिणामों की समय पर घोषणा से विश्वविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों को लाभ होगा विशेष रूप से उन छात्रों को जो आगे की पढ़ाई के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हैं। इससे न केवल प्रवेश प्रक्रिया में उन्हें सुविधा मिलेगी बल्कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्रों के नियमितीकरण में भी सहायता मिलेगी।

### भाजपा के प्रत्याशी कुशाल के कार्यालय का उद्घाटन

**नैनीताल ।** जिले के तालियां जिला पंचायत सदस्य भाजपा के प्रत्याशी कुशाल सिंह बिष्ट के प्रचार में रविवार को गोरिया देव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नैनीताल विधानसभा के पर्यवेक्षक विजय भट्ट, भाजपा अधिकृत प्रत्याशी कुशाल सिंह बिष्ट समेत पांच बूथों के अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक के साथ भारी संखया में गोरिया देव, बोरा कोट समेत भुवन पखाल, प्रकाश सती, बालम सिंह नेगी, कूणखेत के अध्यक्ष शेखर के साथ क्षेत्र की जनता ने कुशाल सिंह बिष्ट के लिए वोट मांगे और उनके साथ ही ग्राम सभा कूण में लगातार घर घर जाकर प्रचार किया गया।

### विपरीत दिशा में वाहन चलाने पर चालानी कार्रवाई

**नैनीताल ।** वन वे अपर मॉलरोड पर विपरीत दिशा में वाहन चलाना व पुलिस से भिड़ना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि शनिवार देर रात हस्तिनापुर मीरूत के पर्यटक यूपी 15 डीएकस 5711 वाहन से नैनीताल पहुंचे। पर्यटक अपना वाहन लेकर अपर मॉलरोड पर वन वे से विपरीत दिशा में मल्लीताल चले गए। इस दौरान तल्लीताल से गश्त पर निकले एसओ रमेश बोरा ने वाहन को वन वे में विपरीत दिशा में जाते देखा तो उनको मल्लीताल पुलिस सहायता केंद्र के समीप रोक लिया। पुलिस के रोकने पर गुस्साए पर्यटक खुद को पत्रकार बताते हुए वीडियो बनाने लगे। पुलिस के समझाने पर पर्यटक विवाद करने लगे। जिस पर पुलिस ने पर्यटकों को वन वे की जानकारी दी। जब स्थानीय लोगों ने पर्यटकों के व्हार का विरोध किया तो वह शांत हुए। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि हस्तिनापुर मीरूत निवासी अंकुश के खिलाफ एमवी एकट के तहत चालानी कार्रवाई की।

### नशे में टैंपो ट्रैवलर चलाना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में शराब पीकर टैंपो ट्रैवलर चलाना हरियाणा के वाहन चालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मेडिकल कर वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टैंपो ट्रैवलर सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार को हरियाणा से पर्यटकों से भरा टैंपो ट्रैवलर वाहन एचआर 61 डी 8421 तल्लीताल पहुंच गया। टैंपो ट्रैवलर नगर में प्रतिबंधित होने के चलते पुलिस ने वाहन चालक से रुकने को कहा लेकिन वह नहीं रुका। इस दौरान एसआई सतीश उपाध्याय व चीता कांस्टेबल से आगे जाकर वाहन को रोक लिया । इस दौरान पुलिस ने जब चालक से पूछताछ की तो वह शराब के नशे में प्रतीत हुआ। जिस पर पुलिस ने वाहन को रोक वाहन चालक का मेडिकल कराया।

### भीम आर्मी का 10 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया



**हल्द्वानी ।** गोल्छा कम्पाउण्ड स्थित कार्यालय में भीम आर्मी का 10 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में मिठाई वितरण कर मनाया गया, सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने बताया कि पेशे से वकील सहारनपुर के दलित संगठन के युवा नेता चंद्रशेखर आज़ाद आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं, दलित समाज में उनका रुतबा आज वैसे ही है जैसे वह आज के अम्बेडकर हों, दलित समाज में उनको अपना लीडर मान लिया है सहारनपुर में होने वाले अन्याय को रोकने के लिए और उनके समर्थन में बनाई गई एक पार्टी जिसे भीम आर्मी का नाम दिया गया, उन्होंनें अपना आइडिया चंद्रशेखर को बताया और इस तरह से भीम आर्मी की स्थापना हुई, भीम आर्मी की पहचान द ग्रेट चमार के नाम से लगाए गए बोर्ड के विवाद बढ़ने लगा और हिंसा का रूप ले लिया, कई लोगों को मार दिया गया, कई लोगों के घर जला दिये गए और सैंतीस लोगों को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया, यह सैंतीस लोग दलित समाज के ही थे इसके विरोध में चंद्रशेखर नें दिल्ली के जंतर मंतर पर एक बड़ा आंदोलन किया, उसके बाद चंद्रशेखर दलितों के बीच चर्चित हो गया, आज भीम आर्मी के करोड़ों सदस्य हैं और उनमे यह भरोसा है कि अगर कोई दलितों का मसीहा है तो सिर्फ चंद्रशेखर उर्फ़ रावण ही है, कार्यक्रम में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, जीतराम, हरीश लोधी, फ़िरोज़ खान, संजय कुमार टम्टा, महेश चंद्र आर्य, नवीन मूलनिवासी, बालकिशन राम सलीम अहमद, असलम खान आदि उपस्थित थे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# बीडी पाण्डे अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन नियुक्ति के निर्देश

हल्द्वानी /देहरादून

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राजेश कुमार को पत्र लिखते हुए नैनीताल के राजकीय बी0डी0 पाण्डे चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन की नियुक्त किए जाने के निर्देश दिए हैं।

भट्ट ने अपने पत्र में लिखा है कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत बी0डी0 पाण्डे चिकित्सालय नैनीताल में बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है। चिकित्सालय में 2 सर्जन कार्यरत थे किन्तु उनमें से एक को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है जिससे अब अस्पताल में केवल एक सर्जन शेष रह गए हैं। कहा है कि एक ही सर्जन के माध्यम से समस्त शल्य क्रियाओं का संचालन करना अत्यन्त कठिन हो गया है, जिस कारण नैनीताल शहर और आस.पास के क्षेत्रों के बच्चों को उपचार के लिए पर्याप्त चिकित्सा सुविधा मुहैया नहीं हो पा रही है। विशेष रूप से छोटे बच्चों के उपचार हेतु उन्हें हल्द्वानी या अन्य दूरस्थ स्थलों की ओर रूख करना पड़ता है जिससे समय, धन और स्वास्थ्य तीनों की हानि हो रही है। कहा कि नैनीताल एक प्रमुख पर्यटक स्थल होने के कारण देश एवं दुनिया से पर्यटक आते है। वर्षभर अत्यधिक पर्यटक आगमन के कारण यहां जनसंख्या का दबाव सामान्य से कहीं अधिक रहता है जिस कारण स्थानीय नागरिकों के साथ.साथ पर्यटकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए, चिकित्सालय में शल्य चिकित्सा हेतु दो सर्जन होने अति आवश्यक हैए ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी समय सेवाएं दी जा सकें।कहा कि जनहित को मद्देनजर रखते हुए बी0डी0 पाण्डे चिकित्सालय नैनीताल में एक बाल रोग विशेषज्ञ और दो सर्जन की स्थाई व्यवस्था की जाए जिससे स्थानीय जनता के साथ.साथ पर्यटकों को भी समुचित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सकें।

### पेड़ से लटके मिले युवक के शव का पोस्मार्टम कराया

**हल्द्वानी।** रविवार देर शाम पेड़ से लटके मिले युवक के शव का पोस्मार्टम करा कर पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया है गौरतलब हैं कि ग्राम जीतपुर नेगी क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब राहगीरों ने जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटकता देखा। घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मृतक की जेब से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। शव की पहचान 20वर्षीय शुभम कश्यप के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर, बरेली का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि उसकी शादी तीन महीने पहले ही हुई थी और वह अपनी पत्नी के साथ जीतपुर नेगी में किराए के मकान में रह रहा था। ओर राजमिस्त्री का कार्य करता था आत्महत्या के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है।

# अभिमत

## भगवान बनने से बचें

*यह सही है कि देश में ढांचागत विकास में तेजी आई है, लेकिन कुछ लोग विकास का श्रेय लेने के लिए खुद को भगवान समझ लेते हैं। सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए अपने को सुपरमैन साबित करना चाहते हैं। मोहन भागवत का यह कहना कि आत्म-विकास करते समय विश्वरूप की आकांक्षा रखते हैं, इस एक वाक्य का विश्लेषण करते हुए विभिन्न क्षेत्र के लोग अलग-अलग भावार्थ निकाल सकते हैं। विभिन्न संस्थाओं द्वारा मीडिया में आंकड़ों के माध्यम से दावा किया जाता है कि विश्व स्तर की सूची में अमुक नेता का क्या स्थान है। उन संस्थाओं की रिपोर्ट के सर्वे पर विश्वास करना संभव नहीं है।*

सृष्टि के सभी प्राणियों में मनुष्य को विवेकशील और श्रेष्ठ माना गया है, लेकिन कई बार मनुष्य विवेक का उपयोग नहीं करते हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मानवीय गुणों का उल्लेख करते हुए परोक्ष रूप से नेताओं, सम्पन्न वर्ग और देश की ज्वलंत समस्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर तीखा कटाक्ष किया है। मोहन भागवत ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। इसका कोई अंत नहीं है। आत्म-विकास करते समय एक मनुष्य सुपरमैन बनना चाहता है, इसके बाद वह देवता और फिर भगवान बनना चाहता है। विश्वरूप की भी आकांक्षा रखता है। कुछ लोगों में मनुष्य होने के बावजूद मानवीय गुणों का अभाव होता है। सबसे पहले अपने अंदर इन गुणों को विकसित करना चाहिए। दरअसल विकास का अंत नहीं है। देश में नये-नये आयाम स्थापित करने की जरूरत है। यह सही है कि देश में ढांचागत विकास में तेजी आई है, लेकिन कुछ लोग विकास का श्रेय लेने के लिए खुद को भगवान समझ लेते हैं। सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए अपने को सुपरमैन साबित करना चाहते हैं। मोहन भागवत का यह कहना कि आत्म-विकास करते समय विश्वरूप की आकांक्षा रखते हैं, इस एक वाक्य का विश्लेषण करते हुए विभिन्न क्षेत्र के लोग अलग-अलग भावार्थ निकाल सकते हैं। विभिन्न संस्थाओं द्वारा मीडिया में आंकड़ों के माध्यम से दावा किया जाता है कि विश्व स्तर की सूची में अमुक नेता का क्या स्थान है। उन संस्थाओं की रिपोर्ट के सर्वे पर विश्वास करना संभव नहीं है। संस्थाओं की मान्यता संदिग्ध होती है। निजी स्वार्थ के लिए नेता और उद्यमी स्वयं संस्थाओं का गठन करके अपनी पहचान बनाने की तिकड़म करते हैं। करीब-करीब हर महीने मीडिया में शासनाध्यक्ष को विश्व के अन्य देशों के प्रधानमंत्रियों अथवा राष्ट्रपति से ज्यादा लोकप्रिय बताया जाता है। जिस संस्था की रिपोर्ट के आधार पर यह दावा किया जाता है, उस संस्था का ही कोई आधार नहीं होता है। उद्योग समूह के स्वामियों के बारे में आये दिन मीडिया के माध्यम से बताया जाता है कि कौन उद्यमी सबसे अमीर है। कुछ दिन बाद किसी दूसरे धनाढ्य को सूची में ऊपर कर दिया जाता है। देश का सबसे अधिक अमीर होने का उल्लेख तो किया जाता है, लेकिन उस अमीर द्वारा देशहित और जनहित में किये कार्यों के बारे में नहीं बताया जाता है। नेता अथवा अमीर होने से कहीं अधिक मानवीय गुण और जनसेवा के कार्य करने का महत्व है। विकास कार्य व जनहित के लिए ही नेता का चुनाव किया जाता है। यह कार्य करने से कोई भगवान नहीं हो जाता है।

# शिल्पकार सभा की मासिक बैठक पर चर्चा की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शिल्पकार सभा नैनीताल की मासिक बैठक रविवार को सभा के अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभा के सदस्यता अभियान को बढ़ाने के साथ ही सभा द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

सभा में वकताओं ने कहा कि सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उत्तराखंड सरकार पूर्व सैनिक कल्याण निगम के द्वारा भर्ती किए गए 20 हजार कर्मचारियों को नियमित करने जा रही है जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण निगम ने पूर्व जो 20 हजार कर्मियों की भर्ती की है उन भर्तियों में आरक्षण का पालन नहीं किया गया है यदि प्रदेश सरकार उन सभी कर्मचारियों को नियमित करती है तो आरक्षण नियमावली का उल्लंघन होगा । अत- सभा सरकार मांग करती है कि इन 20 हजार0 कर्मचारियों को नियमित करने से पूर्व रोस्टर/ आरक्षण का संज्ञान लें और आरक्षित पदों को भरे ताकि आरक्षित वर्ग की बेरोजगारों के साथ कोई अन्याय न हो । बैठक में सभा परिवार ने न्याय विभाग से भी अपील की कि वह0 20 हजार0 कर्मचारियों के नियमितीकरण करने से पूर्व आरक्षण नियमावली का पूर्ण रूप से पालन करने हेतु सरकार को निर्देशित करें ताकि आरक्षित वर्ग के साथ कोई अन्याय न हो पाए। बैठक में हाल ही में शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर गीता के श्लोक सुने जाने के आदेश पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा है कि यह संविधान के अनुच्छेद 28(1)का उल्लंघन है। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में कहा गया है कि राज्य द्वारा पूर्णत- पोषित किसी भी शैक्षणिक संस्थान में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती है। आज शिक्षा विभाग गीता का पाठ प्रार्थना स्थल में सुनाई जाने का आदेश पारित किया है कल को अन्य संप्रदाय के लोग भी अपने धार्मिक पुस्तकों को विद्यालय में पढ़ने के लिए मांग कर सकते हैं क्योंकि विद्यालय में सभी संप्रदाय के छात्र हैं जो वहां अध्ययन करते हैं इसलिए सभा मांग करती है कि इस आदेश को वापस ले। शिल्पकार सभा पुरजोर मांग करती है की विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को संविधान को पढ़ाया जाए जिससे छात्रों को भारत के संविधान की जानकारी हो और वे कल एक आदर्श नागरिक बन सके तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली भांति समझ सके।



बैठक में रमेश चंद्रा, राजेश लाल, राजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, इंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, गिरीश चंद्र आर्य, सुरेश चंद्र व आदि अन्य लोगों ने अपने अपने विचार रखे। संचालन सभा के महामंत्री राजेश लाल ने किया।

## सीवर के मेन होल में भ्रूण मिलने से सनसनी

**नैनीताल** । नगर के वार्ड नंबर एक (स्टाफ हाउस वार्ड) क्षेत्र में रविवार को सीवर के मेन होल में भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गयी। कुछ ही देर में खबर आग की तरह फैली तो मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कबजे में ले लिया है। भ्रूण करीब पांच माह का बताया जा रहा है। पुलिस भ्रूण का चिकित्सकीय परीक्षण के साथ ही मामले की प्राथमिकता से जांच में जुट गई है।

बता दें कि जल संस्थान की ओर से वर्तमान में नगर की पुरानी सीवर लाइनों की सफ ाई का कार्य किया जा रहा है। रविवार सुबह विभागीय कर्मी स्टाफ हाउस वार्ड में लाइनों की सफ ाई कर रहे थे। कर्मियों ने सीवर लाइन मेन होल का ढक्कन खोला तो भीतर भ्रूण पड़ा देखा। लोगों को खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। इस दौरान क्षेत्र सभासद रमेश प्रसाद, स्नोव्यू वार्ड के सभासद जितेंद्र पांडे भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी।

सूचना पर कोतवाली से पहुंची एसआई आशा बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और भ्रूण को कबजे में लिया साथ इस संबंध में क्षेत्रवासियों से गहन पूछताछ की।

# प्रो.नागेश्वर को लोकपाल व डा.संतोष को विवि का प्रभारी क्रीड़ाधिकारी बनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए प्रो.नागेश्वर राव को लोकपाल के रूप में नियुक्त किया गया है वहीं दूसरी ओर डा.संतोष कुमार को विवि का प्रभारी क्रीड़ाधिकारी बनाया गया है। दोनों की तैनाती पर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने खुशी जताई है।

कुमाऊं विवि के रजिस्ट्रार डा.एम.एस.मन्द्रवाल के हस्ताक्षरों से जारी अधिसूचना के मुताबिक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायत निवारण)विनियम 2023 के मुताबिक,प्रो.नागेश्वर राव (पूर्व कुलपति,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुकत विश्वविद्यालय नई दिल्ली) को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए तत्काल प्रभाव से तीन वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु पूरी करने पर जो भी पहले हो लोकपाल के रुप में नियुकत किया गया है। बता दें यह नियुकति कुविवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत के अनुमोदन के बाद रजिस्ट्रार डा.मन्द्रवाल ने की है।



दूसरी ओर कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार को कुमाऊं विश्वविद्यालय का कार्यकारी स्पोर्ट ऑफि सर बनाया गया है । बता दें कि यह नियुक्ति डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा के अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर की गई है। काबिलैगौर है कि डॉ संतोष कुमार वर्तमान में परिसर के केएन फ ील्ड छात्रावास के वार्डन भी हैं। डॉ. संतोष कुमार की नियुक्ति पर उन्हें परिसर के डीएसडबलू ऑफि स में सममानित किया गया तथा उन्हें जागेश्वर धाम का मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया । डॉ. संतोष द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जा चुका है। स्वागत कार्यक्रम में डीएसडबलू प्रो. संजय पंत, विभागाध्यक्ष वनस्पति प्रो. ललित तिवारी, डॉ गगन होती, डॉ निधि वर्मा, डॉ अमित मेलकानी, डॉ नवीन पांडे, हेमंत तथा गणेश आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी व महासचिव डा.विजय कुमार ने दोनों की तैनाती पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# फिल्मी दुनिया

## इस हफ्ते ओटीटी पर होगा एंटरटेनमेंट का जबर धमाल



*सिनेमाघरों में तो इस वक्त सैयारा की धूम है। संभव है कि आपने देख ली हो या देखने की प्लानिंग चल रही हो। बीते हफ्ते डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सिनेमाघरों में भी बहार आई रही। एंटरटेनमेंट के शौकीनों के लिए अब ये वीक भी कम खास नहीं। थिएटर्स में तो फिल्मों की बाहर है ही, साथ ही ओटीटी पर भी खूब धमाल होने वाला है। नेटफ्लिक्स और यशराज फिल्म्स की साझेदारी में बनी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स इस हफ्ते दस्तक देगी। वाणी कपूर, सुरवीन चावला, श्रिया पिलगांवकर और रघुबीर यादव जैसे सितारों से सजी इस सीरीज में चरणदासपुर के प्राचीन यंत्र के रहस्य उजागर होंगे। वाणी सीरीज में इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर रिया थॉमस के रोल में नजर आएंगी। यह सीरीज 25 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। काजोल, इब्राहिम अली खान, पृथ्वीराज सुकुमारन और मिहिर आहूजा जैसे सितारों से सजी फिल्म सरजमीन भी इस हफ्ते की लिस्ट में है। यह 25 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की काहनी एक ऐसे आर्मी ऑफिसर की है, जो कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त कराने की कोशिश करती है। इसके लिए वह कोई भी कीमत देने को तैयार है। काजोल ने फिल्म में इब्राहिम की मां का रोल अदा किया है। फिल्म का निर्देशन कायोज ईरानी ने किया है।*

### रंगीन व सौंकन सौंकने 2

*इस शो में विनीत कुमार सिंह, राजश्री देशपांडे, तारुक रैना और शीबा चड्ढा नजर आएंगे। इसकी कहानी एक ऐसे इंसान पर आधारित है, जिसे अपनी पत्नी से धोखा मिलता है और वह उस धोखे का बदला लेने के लिए एक बड़ा कदम उठाता है। रंगीन शो को आप 25 जुलाई से प्राइम वीडियो पर देख सकेंगे।*

*निमरत खैरा, सरगुन मेहता, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह और एमी विर्क अभिनीत यह रोमांटिक फिल्म जी5 पर दस्तक देने वाली है।*

# ओमेक्स रिवेरा सोसाइटी में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

ओमेक्स रिवेरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को भव्य समारोह में विधिवत रूप से शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा मौजूद रहे। समारोह के दौरान उन्होंने नई कार्यकारिणी को संगठन को सोसाइटी के समग्र विकास में निर्णायक भूमिका निभाने का आहवान किया।अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनमोहन कामरा, कोषाध्यक्ष सुनील झाबर, सचिव राकेश चौहान, तथा कार्यकारिणी सदस्य रमेश चन्द्र जोशी,अशोक शर्मा,ध्रुव सिंघल, संजय ढोढियाल, रमन, रितेश मनोचा और राधा अरोरा को शपथ ग्रहण कराई गई। मुख्य अतिथि ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सशक्त अभिव्यक्ति बताते हुए कहा कि सोसाइटी के बेहतर प्रबंधन के लिए एक सक्षम और प्रतिबद्ध टीम का चुना जाना न केवल उत्साहजनक है, बल्कि जनसहभागिता की भावना को भी प्रबल करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर निगम की ओर से सोसाइटी से जुड़े जनहित के कार्यों में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। महापौर ने कहा कि रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन और स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल से शहरी जीवन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में विजय भूषण गर्ग, प्रवेश साहनी,गौतम कथूरिया, आनंद नेगी,विजय मिश्रा आदि मौजूद थे।



## News कॉर्नर

### लॉकेट छीनकर फरार हुआ चेन स्नेचर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हल्द्वानी।** नौ साल की बच्ची के गले से सोने का लॉकेट छीनकर फरार हुआ चेन स्नेचिंग करने वाला शातिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने सोने का लॉकेट बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बीती 14 जुलाई को चोधरी कालोनी गौजाजाली निवासी महिला ने थाना बनभूलपुरा में एक शिकायत पत्र दिया गया। जिसमें महिला ने बताया कि उनकी 9 वर्ष की बेटी के गले में एक सोने का लॉकेट जिसका वजन 1.5 ग्राम था, जिसे गणपति विहार गौजाजली से एक अज्ञात व्यक्ति छीनकर भाग गया। जिसके बाद थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी ने आरोपी की तलाश गिरफ्तारी के लिए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। वहीं गठित टीम ने घटनास्थल के आस पास लगे तमाम सीसीटीवी कैमरा खंगाले। साथ ही मुखबिर सूचना पर शनिवार को स्नेचिंग की घटना में शामिल आरोपी हिमांशु (23) पुत्र स्व. प्रदीप कश्यप निवासी वार्ड नंबर 2 राजपुरा को सोने के लॉकेट के साथ हिमालयन स्कूल के सामने गौला बाईपास रोड पर बने टीन शेड के पास से गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### 71 पाउच देसी शराब समेत एक युवक दबोचा

हल्द्वानी। बनभूलपुरा पुलिस ने देसी शराब की तस्करी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने रात्रि गश्त के दौरान केमू स्टेशन के पास आशीर्वाद होटल की ओर जाते समय शातिर को पकड़ा और उसके कब्जे से 71 पाउच देसी शराब बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बिलाल पुत्र अशोक वाल्मीकि निवासी वार्ड नंबर 13, राजपुरा, हल्द्वानी के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि वह पास ही स्थित एक भट्टी से शराब लेकर आया था, जिसमें से कुछ पाउच बेच चुका था। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 60 एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सचिव शैलेश ने ऊधम सिंह नगर में पेयजल योजनाओं का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

सचिव पेयजल, उत्तराखंड शासन शैलेश बगौली ने जनपद ऊधम सिंह नगर के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड रुद्रपुर और गदरपुर की विभिन्न पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता, क्रियाशील नल कनेक्शनों (एफएचटीसी ) की स्थिति और पेयजल आपूर्ति की प्रभावशीलता का गहन आकलन किया।



**दानपुर एकल ग्राम पेयजल योजना:** सचिव बगौली ने दानपुर एकल ग्राम पेयजल योजना में 300 एमएम व्यास, 210 मीटर गहराई, 500 एलपीएम क्षमता के नलकूप तथा 100 केएल, 17 मीटर स्टेजिंग वाले ऊर्ध्व जलाशय के कार्यों की गुणवत्ता परखी, जो उत्तम पाई गई। योजना के अंतर्गत 314 परिवारों को एफ एचटीसी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। मौके पर 5 घरों का चयन कर जल आपूर्ति समय, दबाव और पानी की गुणवत्ता की जानकारी ली गई, जो संतोषजनक रही।

**रायपुर एकल ग्राम पेयजल योजना:** रायपुर एकल ग्राम पेयजल योजना में 300 एमएम व्यास, 200 मीटर गहराई, 700 एलपीएम क्षमता के नलकूप और 150 केएल, 20 मीटर स्टेजिंग वाले ऊर्ध्व जलाशय की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। इस योजना के तहत 532 परिवारों को एफएचटीसी कनेक्शन दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान रायपुर गांव के कुछ ग्रामवासियों ने पाइपलाइन लीकेज की शिकायत की। इस पर अधिशासी अभियंता को तत्काल निरीक्षण कर लीकेज रोकने और एक सप्ताह में अनुपालन आख्या मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए।

**सचिव के एएमआरयूटी-द्व योजना पर निर्देश:** सचिव बगौली ने एएमआरयूटी-द्व योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि दो जोनों में अनेक उपभोक्ताओं द्वारा अभी तक जल कनेक्शन नहीं लिए गए हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि नगर आयुक्त के साथ समन्वय कर एक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग पाइप्ड वॉटर सप्लाई के लाभों के प्रति जागरूक होकर कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित हों।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण किया जाए और आम जनता को हैंडपंप के मुकाबले पाइप्ड वॉटर सप्लाई की स्वच्छता, निरंतरता और स्वास्थ्य संबंधी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी जाए। योजना के अंतर्गत कुछ कार्य अभी तक पूर्ण नहीं होने पर सचिव श्री बगौली ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट कार्ययोजना बनाकर एक सप्ताह के भीतर समयबद्ध कार्यक्रम मुख्यालय को भेजा जाए। अभियंता बिशन कुमार, तरुण शर्मा, सुशील बिष्ट, ललित पांडे, चेतन चौहान, अजय श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीरूमदारा में चोरों का आतंक एक ही दिन में तीन घरों में सेंध

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

पीरूमदारा क्षेत्र इन दिनों चोरों के निशाने पर है। एक ही दिन में तीन घरों के ताले टूटने और नगदी-जवाहरात उड़ जाने की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं, एक के बाद एक चोरी की वारदातों ने पुलिस की गश्त और निगरानी के दावों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पहली घटना बद्री विहार निवासी गौरव नैनवाल के घर की है, जो 17 जुलाई को अपने परिवार सहित दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने मानिला गए थे। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने घर का टूटा ताला देखकर उन्हें सूचना दी। जब गौरव मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने घर में रखी नकदी, जेवरात, बर्तन, कपड़े और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया था। दूसरी वारदात मधुबन





कॉलोनी की है, जहां मकान मालकिन धर्मा देवी और किराएदार मुन्नी देवी के घरों को दिनदहाड़े निशाना बनाया गया। धर्मा देवी पिछले एक महीने से दिल्ली में हैं, जबकि किराए पर रह रही मुन्नी देवी भी घर पर मौजूद नहीं थीं। 18 जुलाई की दोपहर को चोरों ने दोनों कमरों के ताले तोड़कर 10,000 रुपये नकद और सोने के आभूषण ले उड़े। वहीं, मुन्नी देवी के घर से 12,000 रुपये नकद और सोने-चांदी के ज़ेवरात चुरा लिए गए। तीनों चोरी की वारदातों के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब दिन के उजाले में चोर बेधड़क घरों में घुस जा रहे हैं, तो रात्रि सुरक्षा का भरोसा कैसे किया जाए? लोगों ने न सिर्फ इन घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है, बल्कि पुरानी चोरी की घटनाओं को भी उजागर करने की ज़रूरत बताई है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं और पुलिस टीमें चोरों की तलाश में जुट गई हैं। उन्होंने जल्द ही खुलासे का भरोसा भी दिलाया।

# तमिलनाडु निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**घटना**

- किराए पर मामा के साथ रह कर फेरी लगाने का काम करता था

यहां किराए पर रह कर फेरी लगाने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

पुलिस के मुताबिक तमिलनाडु प्रदेश के जिला त्रिचुरापल्ली, थेकक्मलीय कोबिल पट्टी निवासी 28 वर्षीय जयराम पुत्र अलगर स्वामी मलिक कालोनी में अपने मामा बालाजी के साथ किराए में रहता था। वह यहां पर फेरी लगाकर जीवन यापन करता था। मृतक के मामा के मुताबिक तीन-चार दिन से उसकी तबीयत खराब थी। शनिवार दोपहर अचानक उसकी तबीयत और खराब हो गई। इस पर उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस पहुंची और जानकारी ली। साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

**रिश्ते की बात चल रही थी :** मृतक के मामा ने बताया कि जय राम के रिश्ते की बात चल रही है। कुछ दिन बाद लड़की को देखने के लिए जाना था।

# हथियारों से लैस दबंगों ने युवक पर जान लेवा हमला किया, गंभीर

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

शहर के धोबीघाट क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घायल युवक के पिता ने इस संबंध में थाना ट्रांजिट कैंप में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास क्षेत्र धोबीपाट निवासी अर्जुन पाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका बेटे वरदान पाल पर पांच युवकों ने घर के बाहर घात लगाकर हमला किया। इस दौरान आरोपियों के हाथ में हथियार और एक के पास तमंचा भी था। 16 जुलाई की रात लगभग 8 बजे उनके बेटे वरदान के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने धमकाते हुए कहा कि तू घर के बाहर आएगा या हम अंदर आकर तुझे मारें। इस धमकी से घबराया वरदान घर से बाहर निकला तो पहले से घात लगाए पांच युवक पीयूष निवासी टनकपुर, विक्रांत, अक्षय, रॉकी और अजय निवासी रुद्रपुर वहां मौजूद थे।

आरोप है कि इन सभी युवकों ने वरदान को घेर लिया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। एक के पास तमंचा भी था, पीड़ित युवक को गंभीर चोटें आईं है। बताया कि इसी दौरान आस-पास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह जान बचाई। आरोपी मौके से फरार हो गए। अर्जुन पाल का कहना था कि हमलावर दोबारा जान से मारने की धमकी दी है। ट्रांजिट कैंप के थानाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डिलीवरी बॉय से मारपीट व दुष्कर्म करने का प्रयास

**हल्द्वानी।** डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट व दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है मामले की तहरीर पीड़ित ने मुखानी थाना पुलिस को सौंपी कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कर्मचारी के साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट कर दुष्कर्म का प्रयास किया गया। कर्मी ने किसी तरहां वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई मुखानी थाना क्षेत्र के भगवानपुर में किराना के समान की डिलीवरी करने वाले ई-कॉमर्स कंपनी के कर्मचारी ने अपनी ही कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर मारपीट और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मुखानी थाना क्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि 12 जुलाई को अपना काम खत्म कर वह घर जा रहा था। रास्ते में उसकी ही कंपनी के अधिकारियों और अन्य युवकों ने उसे घेर कर पीटा और उसका फोन भी तोड़ दिया, इतना ही नहीं उन्होंने युवक के साथ दुष्कर्म करने का भी प्रयास किया।

### 380 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**हल्द्वानी।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 380 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत पौधारोपण के 380वें दिन पौधा लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

# एनसीसी सीनियर डिवीज़न, सीनियर विंग कैडेट्स की भर्ती में 24 विद्यार्थियों का चयन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एनसीसी सीनियर डिवीज़न, सीनियर विंग कैडेट्स की भर्ती में 24 विद्यार्थियों का चयन हुआ। विद्यालय में एनसीसी की सीनियर डिवीज़न तथा सीनियर विंग कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया की गयी।

78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के नायब सूबेदार घनश्याम छेत्री , सी.एच.एम देवेन्द्र सिंह एवम् ए.एन.ओ लेफ्टिनेंट नन्द किशोर जोशी के नेतृत्व में शारीरिक दक्षता एवम् लिखित परीक्षा का आयोजन कराया गया। भर्ती प्रक्रिया में 30




विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया भर्ती में दौड़, पुश-अप , 5 मीटर शटर रन तथा लिखित परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमे 24 कैडेट्स को चुना गया। स्कूल प्रबंधन ने चयनित विद्याथियो को बधाई दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ प्रविन्द्र कुमार रौतेला, सुरेश मिश्रा, महेश जोशी, पुष्कर सिंह, प्रवीन स्कॉट, के सी पन्त, सुनीता तिवारी, रुचिता पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# कोर एसेंस लाइफ रूट फाउंडेशन की टीम ने चलाया पौधरोपण अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल कोर एसेंस लाइफ रूट फाउंडेशन की टीम द्वारा रविवार को कृष्णापुर वार्ड में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल और कृष्णापुर वार्ड के सभासद सुरेंद्र कुमार और समेत सभासद रमेश प्रसाद ने ना केवल पौधारोपण में सक्रिय भूमिका निभाई बल्कि लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। टीम के मुताबिक



वन विभाग से डीएफ ओ चंद्रशेखर जोशी और रेंजर आनंद लाल के सहयोग से लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया जिनमें पईया, पांगड़, तेजपत्ता और ओक के पौधे शामिल थे। यह पौधे न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करेंगे बल्कि क्षेत्र की सुंदरता को भी बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में सारिका जोशी श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रसाद, ज्योति दुर्गापाल, डॉ.प्रियंका भट्ट, गोविंद भंडारी, खिला बिष्ट, अमन खान, सोनिया पांडे, गीतांजलि चंद, प्रियांशु प्रसाद, किरण आर्या, शिवानी आर्या, बीना बसेरा, आद्रिका जोशी, पायल जोशी, अंजली बिष्ट और निश्चय टाकुली मौजूद रहे जबकि वन विभाग की टीम से संतोष गिरी, संतोष जोशी, वन दरोगा रजत कुमार, नंदन दानू, मनोज साही, महिपाल सिंह और उपनल श्रमिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

टीम के मुताबिक इस पौधारोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय को इसमें शामिल करना है। फ उंडेशन की टीम ने वन विभाग और नगरपालिका के सहयोग से इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।